झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
सर्कुलर रोड, राँची

प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड राज्य के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अन्तर्गत गैर शैक्षणिक विशेषज्ञ चिकित्सकों के विभिन्न पदों पर नियमित नियुक्ति परीक्षा के संबंध में आवश्यक सूचना।

झारखण्ड राज्य के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अन्तर्गत गैर शैक्षणिक विशेषज्ञ चिकित्सकों के विभिन्न पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु अधियाचित रिक्तियों के आधार पर इच्छुक एवं अर्हत्ताधारी भारतीय नागरिकों से विहित प्रपत्र में ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाने के निमित्त विज्ञापन संख्या–03/2023 का प्रकाशन किया गया है, जो आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर उपलब्ध है।

2. ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने हेतु तिथि एवं अन्य निदेश निम्नांकित है:–

1.	ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की तिथि	दिनांक–31.03.2023 से दिनांक–02.05.2023 तक
2.	ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि	दिनांक–02.05.2023 समय–अपराह्न 11:45 बजे तक
3.	परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि	दिनांक–04.05.2023 समय–अपराह्न 11:45 बजे तक
4.	हार्ड–कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि	दिनांक–19.05.2023 समय–अपराह्न 05:00 बजे तक

3. अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारंभ करने के पूर्व आयोग के वेबसाईट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन, ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली–भाँति अध्ययन कर लेंगे।

4. विज्ञापन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए आयोग के Help Line No. +919431301636 एवं +919431301419 पर केवल कार्य दिवस में पूर्वाह्न–10:00 बजे से अपराह्न–5:00 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

5. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।

ह0/–
परीक्षा नियंत्रक–I,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।